प्रेसविज्ञप्ति 13.01.2023

## इंडियन बैंक ने प्रोजेक्ट वेव के तहत नई पहल शुरू की

**चेन्नै**, **13 जनवरी 2023**: इंडियन बैंक के "प्रोजेक्ट वेव" - बैंक की डिजिटल परिवर्तन यात्रा के तहत आज नए डिजिटल अध्याय जोड़े गए हैं। इस पहल का उद्देश्य अपने मौजूदा और संभावित ग्राहकों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित बैंकिंग को अधिक सुलभ बनाना है।

कृषि ऋण प्रदान करने में डिजिटल सहजता लाते हुए, बैंक ने इंड डिजी केसीसी के माध्यम से 1.60 लाख रूपये तक के किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण प्राप्त करने और सुविधाजनक री-प्लेड्जिंग सिस्टम के साथ 4 लाख रुपये तक के एग्री ज्वैल ऋण का नवीनीकरण करने के लिए ऑनलाइन सुविधा शुरू की है। वर्तमान में, इंड डिजी केसीसी तमिलनाडु में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है जिसे बाद में पूरे भारत में उपलब्ध कराया जाएगा।

आईबी एमएसएसएफ के साथ, इंडियन बैंक ने डिजिटल ऑटो फाइनेंसिंग लीड जनरेशन प्लेटफॉर्म के लिए मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ साझेदारी की है, जिसे देखकर ग्राहक, तुलना कर सकते है और सुविधानुसार अपने पसंदीदा वाहन ऋण के लिए आवेदन दे सकते है।

बैंक ने अपने नए उत्पाद "आईएनडी स्वागत" के तहत बैंक के नए ग्राहकों के लिए ऑनलाइन मीयादी जमा खाता खोलने की पेशकश करने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। इस योजना के तहत मीयादी जमा को अधिकतम 1 वर्ष की अवधि के लिए तुरंत खोला जा सकता है और यूपीआई चैनल का उपयोग करके वित्त पोषण किया जा सकता है।

विदेश में धन प्रेषण के लिए आवेदन करने वाले ग्राहक, अब एक समर्पित पोर्टल - इंड ट्रेड एनएक्सटी के माध्यम से ऐसा कर सकते हैं। विदेश से किया गया धन प्रेषण, ग्राहक द्वारा आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने पर, उसी दिन सीधे खातों में जमा हो जाएगा।

बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एक डिजिटल उत्पाद सूचना पुस्तिका भी जारी की है, जिसका उद्देश्य उन्हें बैंक के डिजिटल उत्पादों के बारे में सुलभ सूचना उपलब्ध कराना है।

उत्पादों को वर्चुअल माध्यम से लॉन्च करते हुए इंडियन बैंक के एमडी एवं सीईओ श्री शांति लाल जैन ने कहा कि आज लॉन्च किए गए उत्पादों और सेवाओं ने बैंक की सभी पेशकशों को, जो वर्तमान में भौतिक मोड में उपलब्ध हैं, को डिजिटल मोड में उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण को बढ़ाया है। ये सुलभ, किफायती, पारदर्शी, सुरक्षित और नवोन्मेषी बैंकिंग समाधानों के साथ जीवन के सभी क्षेत्रों में ग्राहकों की सेवा करने के बैंक के दृष्टिकोण को दर्शाता हैं।

**Corporate Office: 254-260, Avvai Shanmugam Salai, Royapettah, Chennai – 600 014**
**Phone: 044-2813 4457, Email: ccd@indianbank.co.in**
**Follow us on**

प्रेसविज्ञप्ति 13.01.2023

बैंक के कार्यपालक निदेशक, श्री इमरान अमीन सिद्दीकी और श्री महेश कुमार बजाज, बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लॉन्च इवेंट में उपस्थित थे, जहाँ चुनिंदा ग्राहकों ने इंड डिजी केसीसी मॉड्यूल का उपयोग करके ऑनलाइन केसीसी का लाभ उठाया।